# जॉन सी. मैक्सवेल

# मिलकर कार्य करने के 17 कारगर नियम

इन्हें अपनाकर कार्यस्थल में अपनी टीम को सक्षम बनाएँ

Hindi translation of
*The 17 Indisputable Laws of Teamwork* by *John C. Maxwell*

# मिलकर कार्य करने के
# 17
# कारगर नियम

इन्हें अपनाकर कार्यस्थल में
अपनी टीम को सक्षम बनाएँ

## जॉन सी. मैक्सवेल

अनुवाद: डॉ. सुधीर दीक्षित

MANJUL
**मंजुल पब्लिशिंग हाउस**

# विषय – सूची


आभार

प्रस्तावना

1. महत्व का नियम

महानता हासिल करने के लिए एक (1) बहुत छोटी संख्या होती है ।

2. बड़ी तस्वीर का नियम

भूमिका से अधिक महत्वपूर्ण है लक्ष्य

3. ख़ास जगह का नियम

सभी खिलाड़ियों की एक ख़ास जगह होती है; जहाँ वे सर्वाधिक योगदान देते हैं

4 माउंट एवरेस्ट का नियम

जब चुनौती बढ़ती है, तो टीमवर्क की आवश्यकता भीबढ़ जाती है

5. ज़ंजीर का नियम

टीम की शक्ति पर उसकी सबसे कमज़ोर कड़ी का असर होता है

6. उत्प्रेरक का नियम

विजेता टीमों में ऐसे खिलाड़ी होते हैं,, जिनके रहने से घटनाएँ होती हैं

7. कम्पास का नियम

भविष्य - दृष्टि टीम के सदस्यों को दिशा और आत्मविश्वास देती है

8. सड़े सेब का नियम

ख़राब नज़रिए टीम को बर्बाद कर देते हैं

9. विश्वसनीयता का नियम

*महत्वपूर्ण दौर में टीम के साथियों को एक दूसरे पर विश्वास होना चाहिए*

10. प्राइस टैग का नियम

*जब कोई टीम क़ीमत नहीं चुकाती है,, तो वह अपनी क्षमता तक नहीं पहुँच पाती है*

11. स्कोरबोर्ड का नियम

*टीम तालमेल तभी बैठा सकती है, जब उसे पता हो कि वह कहाँ खड़ी है ।*

12. बेंच का नियम

*बेहतरीन टीमों में बेहतरीन गहराई होती है ।*

13. पहचान का नियम

*साझे मूल्य टीम की पहचान होते हैं*

14. संवाद का नियम

*संवाद से कार्य को ईंधन मिलता है*

15. बेहतर होने का नियम

*नेतृत्व ही दो समान गुणी टीमों के बीच का फ़र्क़ है*

16. उच्च मनोबल का नियम

*जब आप जीत रहे होते हैं, तो किसी बात से चोट नहीं पहुँचती है ।*

17. डिविडेंड का नियम

*टीम में निवेश करने से कई गुना लाभ होता है*

उपसंहार

# आभार

मैं जो भी पुस्तकें लिखता हूँ, उनमें से प्रत्येक टीमवर्क का परिणाम होती है । और यह पुस्तक भी अपवाद नहीं है । मैं उन लोगों को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होंने इस पुस्तक को लिखने में मेरी मदद की ।

इनजॉय टीम, जिसने नियमों को सोचने और चुनने में मेरी सहायता की ।

मार्गरेट मैक्सवेल, मेरी पत्नी,, सर्वश्रेष्ठ मित्र और नंबर वन टीम सहयोगी, जिनकी सलाह बेहतरीन होती है ।

लिंडा एगर्स, जो मेरे जीवन के सारे विवरणों की हमेशा परवाह करती हैं।

कैथी व्हीट, जिन्होंने पुस्तक के लिए बहुत अद्भुत शोध किया ।

स्टीफ़ैनी वेट्ज़ेल, जिन्होंने हर शब्द की प्रूफ़रीडिंग और संपादन करके पांडुलिपि को पैनापन दिया ।

चार्ली बेट्ज़ेल, जिनकी लेखनी की बदौलत मेरा प्रभाव पूरे संसार में फैलता है।

# प्रस्तावना

हर दिन, किसी न किसी तरीक़े से से, आप किसी न किसी टीम का हिस्सा होते हैं हैं। सवाल यह नहीं है है, *क्या आप किसी ऐसी टीम में शामिल होंगे, जिसमें आपके साथ दूसरे लोग होंगे ?* ज़ाहिर है है, आप होंगे। असल सवाल तो यह है है, क्या दूसरों के साथ आपका जुड़ाव सफल होगा? इस पुस्तक में आपको इसी सवाल का जवाब मिलेगा।

संसार का हर इंसान अच्छी तरह जानता है कि टीमवर्क एक अच्छी बात है। वास्तव में यह अनिवार्य है! लेकिन यह दरअसल कारगर कैसे होता है ? कौन सी बातें टीम को विजेता बनाती हैं है? कुछ टीमें सीधे शिखर पर क्यों पहुँचती हैं और अपने सपने को हक़ीक़त में बदलते देखती हैं हैं, जबकि बाक़ी टीमें आधे रास्ते में ही क्यों लुढ़क जाती हैं?

इन सवालों के कोई आसान जवाब नहीं हैं । यदि होते, तो खेल जगत में मात्र कुछ टीमें लगातार विश्व चैंपियन बन रही होतीं और फ़ॉरचून ५०० कंपनियों की सूची साल दर साल नहीं बदलती

टीमवर्क के बारे में सीखने की एक चुनौती यह है कि जो लोग अपने क्षेत्र में टीम को सर्वोच्च स्तर पर ले जाते हैं, कई बार तो वही यह नहीं पहचान पाते कि एक बेहतरीन टीम और योग्य व्यक्तियों के नाकाम समूह में क्या फ़र्क़ होता है ? कुछ लोग कहेंगे कि प्रबल कार्य - संस्कार ही जीतने की कुंजी हैं । बहरहाल, आप ऐसे बहुत से व्यक्तियों को जानते होंगे, जो जीतोड़ मेहनत करने के बावजूद अपनी संभावना तक नहीं पहुँच पाए ? कुछ लोग बेहतरीन टीमों को आपसी तालमेल यानी केमिस्ट्री का परिणाम मानते हैं हैं। लेकिन वे अक्सर कहते हैं हैं, " मैं यह तो नहीं बता सकता कि यह केमिस्ट्री उत्पन्न कैसे की जा सकती है,

लेकिन बस एक नज़र में बता सकता हूँ कि यह मौजूद है या नहीं। |" सवाल यह है कि आप टीमवर्क के रहस्य को कैसे जानें और *अपनी* टीम बनाना कैसे सीखें ?

संप्रेषक के रूप में मैं हर वर्ष श्रोताओं के सामने असंख्य घंटे संवाद करता हूँ। । मैं हमेशा लोगों को जटिल सत्य सिखाने के आसान तरीक़ों की तलाश में रहता हूँ। संप्रेषक का यही काम होता है - वह किसी जटिल चीज़ को सरल बना देता है। 1998 में मैंने द *21 इररिफ़्यूटेबल लॉज़ ऑफ़ लीडरशिप* लिखी थी। । इसमें मैंने जो नियम बताए थे, उन्हें मैंने तीन दशकों तक लोगों का नेतृत्व करते हुए सीखा था। । प्रतिक्रिया ज़बर्दस्त थी । यह पुस्तक द *न्यूयॉर्क टाइम्स बिज़नेस बुक्स, वॉल स्ट्रीट जर्नल, बिज़नेस वीक* और द क्रिश्चियन बुकसेलर्स एसोसिएशन ( सीबीए ) की सूचियों में बेस्टसेलर रही । इस बात के लिए मैं सचमुच कृतज्ञ हूँ। । लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि पिछले कुछ वर्षों में जब मैंने अमेरिका और पाँच महाद्वीपों में नियम सिखाए, तो मुझे यह देखकर ख़ुशी हुई कि लोग उन नियमों के साथ जुड़ रहे हैं, उन्हें अपने जीवन में उतार रहे हैं और उनसे अपने नेतृत्व को बेहतर बना रहे हैं। नियम सीखने से लोगों का जीवन बदल गया था। । इस तरह मुझे पता चल गया कि मैंने लोगों को नेतृत्व कला सिखाने का एक असरदार तरीक़ा खोज लिया है है।

नेतृत्व की तरह ही मैं टीमवर्क के क्षेत्र में भी सीखने, क़ायम रखने और अमल में लाने की प्रक्रिया को आसान बनाना चाहता हूँ । मैं इस पर डला रहस्य का पर्दा हटाना चाहता हूँ । इसीलिए मैंने टीमवर्क के नियमों का पता लगाने की ख़ातिर कड़ी मेहनत की । नियम के बारे में अद्भुत बात यह होती है कि आप इस पर भरोसा कर सकते हैं । चाहे आप जो भी हों, चाहेआपकी पृष्ठभूमि कैसी भी हो या आपके सामने चाहे कैसी भी परिस्थितियाँ हों, आप नियम पर भरोसा जता सकते हैं ।

आप देखेंगे कि नियम सिखाते वक्त मैं टीमवर्क के बारे में अक्सर लीडर के दृष्टिकोण से बात करता हूँ हुँ। और समझदारी इसी में है क्योंकि लीडर ही टीम को एक सूत्र में पिरोता है और नेतृत्व करके उसे विजय की मंज़िल तक ले जाता है। लेकिन इस पुस्तक से लाभ पाने के लिए आपको लीडर होने की ज़रूरत नहीं है । आप चाहे जो करते हों, लगभग हर चीज़ टीमवर्क पर निर्भर करती है है। इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि आप लीडर हैं या अनुयायी, कोच हैं या खिलाड़ी, टीचर हैं या विद्यार्थी, अभिभावक हैं या बच्चे,, सीईओ हैं या स्वयंसेवी। । आप चाहे जो हों,, यदि आप इन नियमों को सीख लेते हैं और इन पर अमल करने लगते हैं, तो टीमवर्क में आपकी कुशलता बढ़ जाएगी । आप और आपकी टीम के साथी जितने अधिक नियम सीखेंगे, आप व्यक्तियों के समूह से विजेता टीम में उतने ही अधिक बदलेंगे ।

टीमें सभी आकार - प्रकार की होती हैं । यदि आप विवाहित हैं, तो आप और आपका जीवनसाथी एक टीम हैं । यदि आप किसी संगठन में काम करते हैं, तो आप और आपके सहकर्मी एक टीम हैं । यदि आप स्वयंसेवा करते हैं, तो आप और आपके साथी स्वयंसेवी एक टीम हैं । जैसा डैन डेवाइन ने मज़ाक़ में कहा है है, " एक टीम एक टीम है जो एक टीम है है।शेक्सपियर ने यह बात कई बार कही थी । " भले ही उस महान नाटककार ने ऐसा न कहा हो, लेकिन अवधारणा बिलकुल सच्ची है । इसीलिए टीमवर्क इतना महत्वपूर्ण है है।

एक हालिया सम्मेलन में मैं सिखा रहा था । वहाँ अपने करियर की शुरूआत करने वाला एक युवा लीडर भी था । उसने मेरे पास आकर पूछा, " जॉन, वह एक चीज़ क्या है, जो मुझे टीमवर्क के बारे में जाननी ही चाहिए ? "

मैंने पूछा : ' बस एक चीज़ ? इस सवाल का जवाब इतना आसान भी नहीं है। । '

उसने इस बात पर ज़ोर दिया : " मुझे बस शुरु करना है । मैं केवल एक चीज़ चाहता हूँ... सबसे महत्वपूर्ण चीज़ । "

मैंने कहा, " ठीक है, अगर आप ज़ोर देते हैं, तो मैं बताता हूँ । टीमवर्क के बारे में आपको यह एक चीज़ जानने की ज़रूरत है कि आपको टीमवर्क के बारे में एक से अधिक चीज़ें जानने की ज़रूरत है । "

पहले तो उसने सवालिया निगाहों से मुझे घूरा । फिर वह थोड़ा चिढ़ सा गया । लेकिन तभी मैंने उसकी आँखों में अचानक समझ का भाव आते देखा ।

उसने कहा, " ओह, मैं समझ गया । यह एक प्रक्रिया है । ठीक है, ठीक है । मैं इस गहरे सागर में गोता लगाने को तैयार हूँ । मैं इसे सीखने में समय लगाने को तैयार हूँ । "

मैं आपको प्रोत्साहित करता हूँ कि आप भी ऐसा ही करें । सीखने की प्रक्रिया में समय लगाएँ और बेहतरीन टीम सदस्य व टीम निर्माता बनें । जब आप टीमवर्क के नियम पढ़ेंगे और उन पर अमल शुरु करेंगे, तो आप पाएँगे कि उनका आपके जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक असर हो रहा है । आगे बढ़ते समय यह भी याद रखें : कोई भी एक नियम नायाब नहीं है, उन सभी का तालमेल नायाब है । आप जितने अधिक नियम सीखेंगे, उतने ही बेहतर बनेंगे ।

प्रक्रिया का आनंद लें, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें और कभी न भूलें कि आप जीवन में जो भी करना चाहते हों, आपको अपने सपने साकार करने के लिए टीमवर्क की ज़रूरत होती है ।

1

# महत्व का नियम

*महानता हासिल करने के लिए एक (1) बहुत छोटी संख्या होती है*

आपके नायक कौन हैं ? ठीक है, ठीक है, हो सकता है कि आपका कोई चुनिंदा नायक न हो । इसके बजाय अब मैं आपसे यह पूछता हूँ : आप किन लोगों की सबसे ज़्यादा प्रशंसा करते हैं ? आप किन लोगों की तरह ज़्यादा बनना चाहते हैं ? कौन से लोग आपको जोश दिला देते हैं और आपके भीतर के ज्वार को उफान पर ले आते हैं ? क्या आप पसंद करते हैं . . .

- कारोबार जगत के नवाचारियों को, जैसे जेफ़ वीज़ोस, फ़्रेड स्मिथ या बिल गेट्स ?
- दिग्गज खिलाड़ियों को, जैसे माइकल जॉर्डन, मैरियन जोन्स या मार्क मैक्वायर ?
- रचनात्मक प्रतिभाओं को, जैसे पाब्लो पिकासो, बकमिंस्टर फुलर या वूल्फ़गैंग अमैडियुस मोज़ार्ट ?
- पॉप संस्कृति के प्रतीकों को, जैसे मडोना, एंडी वॉरहोल या एल्विस प्रेस्ली ?
- आध्यात्मिक गुरुओं को, जैसे जॉन वेस्ले, बिली ग्राहम या मदर टेरेसा ?
- राजनेताओं को, जैसे सिकंदर महान, शार्लमान या विन्स्टन चर्चिल ?